भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 20.03.2023

आरेडिका में 80वाँ अखिल भारतीय रेलवे हॉकी (मेन्स) चैंपियनशिप का अयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में दिनांक 20.03.2023 से 25.03.2023 तक 80वें अखिल भारतीय रेलवे हॉकी मेन्स चैंपियनशिप 2023 का आयोजन पूरे उत्साह के साथ हो रहा है। जिसमें विभिन्न रेलवे जोन के 10 हॉकी टीमों के खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि महाप्रबंधक श्री पी के मिश्रा, विशेष अतिथि भारतीय हॉकी टीम की खिलाड़ी पदमश्री रानी रामपाल एवं आरेड़िका की विशेष खेलकूद अधिकारी पदमश्री सुधा सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में हुई।

महाप्रबंधक महोदय श्री पी के मिश्रा ने सभी खिलाड़ियों का स्वागत किया सभी खिलाडियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामना देते हुए चैंपियननशिप को प्रारम्भ करने की आज्ञा प्रदान की। चैंपियननशिप पहला हॉकी मैच ईस्ट कोस्ट रेलवे और मध्य रेलवे की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें ईस्ट कोस्ट रेलवे 3–2 से विजय हुई।

इस चैंपियनशिप में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगताओं में प्रतिभाग कर चुके खिलाड़ी भी शामिल हो रहे हैं एवं वे इस चैंपियनशिप का मुख्य आकर्षक रहेंगे, इससे आरेडिका और आस पास के खिलाड़ियों में खेलों के प्रति सकारात्मक ऊर्जा का संचार एवं खेलों के प्रति आकर्षण बढेगा, और खेलों के संबंध में गम्भीर समझ का विकास होगा।

इस अवसर पर आरेडिका खेलकूद संघ के अध्यक्ष श्री संजय कुमार कटियार ने बताया कि, आगुन्तक खिलाड़ियों उनके कोचों और रेलवे बोर्ड के अधिकारियों के लिए आरेडिका के खेलकूद संघ द्वारा प्रतियोगता के सफल अयोजन हेतु रहने–खाने की उचित व्यवस्था की गयी है।

20/3/2023

(आर एन तिवारी)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी